
हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025


तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री


साढ़े तीन एकड़ धान की फसल जली किसानों ...
10


डिगेपुर-बरेकेल खुर्द मार्ग की पुलिया धंसी, बढ़ी ..
10



### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** भिथीडीह तालाब के पास पिकअप की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। घटना 24 नवंबर की है। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी ने पिथौरा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस को चक्रधर ठाकुर ने बताया कि 24 नवंबर को वह अपनी मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 डीएच 3808 से कमारडेरा से वापस आ रहा था, कि शाम 6:30 बजे के भिथीडीह (विद्या नगर) तालाब के पास पीछे से पिकअप वाहन क्र. सीजी 22 एई 3177 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# अमीन भर्ती परीक्षा में कड़ी चेकिंग के बाद मिली कैंडिडेट्स को एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

व्यापमं द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार को एक पाली में हुई। जो कि पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 2:15 बजे तक हुई। जिला मुख्यालय में 16 केंद्र बनाए गए थे और कुल 4731 परीक्षार्थी पंजीकृत थे और इसमें 3528 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 1203 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

अमीन भर्ती परीक्षा में समय से आधे घंटे पूर्व आने के निर्देश दिए गए थे और डार्क रंग के कपड़े नहीं पहनकर आने के निर्देश थे, लेकिन इसके बाद भी परीक्षार्थी डार्क कपड़े पहनकर आए थे, जिसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग टी-शर्ट तो सफेद पहने थे, लेकिन साथ में डार्क कलर के जींस पहनकर आ गए थे, जिन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वहीं छात्राओं को भी समस्या का सामना करना पड़ा। कई छात्राएं स्वेटर पहनकर पहुंची थीं, जिनके स्वेटर को भी परीक्षा कक्ष में पहनकर जाने की अनुमति नहीं दी गई। मुख्यमार्ग से लगे केंद्रों में सडक़ तक छात्रों की कतार लगी रही। इससे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में वल्लभाचार्य कॉलेज के बाहर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही। यहां परीक्षा से पहले ट्रैफिक भी जाम रहा। नोडल अधिकारी एडीएम सचिन ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से हुई। छात्रों की उपस्थिति भी अच्छी रही। कोऑडिनेटर करूणा दुबे रहीं।

## प्रश्नपत्र को लेकर परीक्षार्थियों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया

### गणित रहा कठिन

परीक्षार्थी गोपीकिशन साहू ने बताया कि गणित का प्रश्न काफी कठिन आया था। सामान्य ज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी काफी कठिन था। शुभम चंद्राकर ने बताया कि 100 प्रश्न- आए थे, और इसमें माइनस मार्किंग भी था। सामान्य ज्ञान आसान था और गणित के सवालों ने उलझाए रखा। दो घंटे का समय दिया गया था।



### ट्रैफिक रहा जाम

परीक्षा समाप्त होने के बाद रविवार को परीक्षा केंद्रों के बाहर और बीटीआई रोड और कांग्रेस चौक के पास भारी भीड़ रही। सड़क जाम हो गया था और लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई। भर्ती परीक्षा के दिन हर बार ट्रैफिक की समस्या आती है। वहीं कई स्कूलों के बाहर पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से परीक्षार्थियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## आयोजन : जिलाध्यक्ष यादव का प्रथम आगमन आज, स्वागत की तैयारी में जुटे कांग्रेसी

# प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस भवन में किया कार्यकर्ताओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बैज ने की कांग्रेसियों से महत्वपूर्ण रणनीतिक चर्चा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शनिवार को निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत गांधी कांग्रेस भवन पहुंचे। आगमन पर कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होनें जिले के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें उन्होने जिला संगठन की वर्तमान गतिविधियों, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। ▶▶|शेष पेज 10 पर



### टोकन नही कटा, किसान का गला कट गया



किसान आत्महत्या मामले में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि किसान का टोकन कटा नही बल्कि किसान का गला कट गया। भाजपा सरकार में किसान दर-दर भटकने मजबूर है। और सुशासन की बात करने वाले शासन को जमीनी स्तर पर पसरा कुशासन नजर नही आ रहा। लाखों किसान पंजीयन की समस्या को भी लेकर जूझ रहे हैं।

# आज आएंगे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- झलप से शुरु होगा स्वागत कार्यक्रम, रैली के साथ पहुंचेंगे कांग्रेस भवन, करेंगे कार्यकर्ताओं को संबोधित

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पश्चात प्रथम जिला मुख्यालय आगमन पर द्वारिकाधीश यादव के भव्य स्वागत की तैयारी है।



नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक यादव के स्वागत के लिए कार्यकर्ता पूरे उत्साह से जुटे हुए हैं। जगह-जगह स्वागत की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में स्वस्फूर्त उत्साह नजर आ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले वे झलप पहुचेंगे। फिर पटेवा, तुमगांव, बिरकोनी और घोड़ारी होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचेंगे जहां कांग्रेस भवन में स्वागत सभा रखी गई है। रैली के कांग्रेस भवन पहुंचने के साथ ही वे यहां सभा लेंगे और कांगेसजनों को संबोधित करेंगे। ▶▶|शेष पेज 10 पर

### दो साल में वर्तमान सरकार से तौबा करने लोगः द्वारिकाधीश



नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर आमजनों में खासा आक्रोश है। उन्होने विश्वास जताया कि वर्तमान में सरकार की जन विरोधी नीतियों को आईन्ना दिखाने वाले विपक्ष की भूमिका में वे और उनकी टीम खरी उतरेगी। भाजपाई शासन में गरीब, किसान और आम नागरिक तक काफी परेशान हैं। उन्होनें कहा कि भाजपा को चुनने के बाद अब आम जनता को फिर से भूपेश सरकार की नीतियों की याद सता रही है। यादव ने कहा कि दो साल में बेहाल होने के बाद अब आमजन दोबारा इस भूल से तौबा कर रहे हैं।

### रकम दोगुना होने के लालच में क्रिकेट एप में खेला जुआ, 15 लाख गंवाए, तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** रकम दोगुना होने के लालच में क्रिकेट एप में ऑनलाइन जुआ खेलकर एक व्यक्ति ने 15 लाख रुपए गंवा दिए। मामले में ऑनलाइन जुआ संचालन करने वाले तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बसना निवासी पुष्पा पुष्टी पति अरूण पुष्टी ने बताया उसके पति अरूण पुष्टी की शहीद वीर नारायण सिंह चौक मेन रोड बसना में डेली नीड्स एवं चाय की दुकान है, जिनका वह सहयोग करती है। उसके पति अरूण पुष्टी ने उसे बताया कि मेरे जान पहचान के बसना निवासी अजीज खान चाय दुकान में आया और बोला कि ऑनलाइन क्रिकेट में पैसा लगाओगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उनके कहने पर अरूण ने शुरू-शुरू में कुछ पैसे दिए। जिस पर जीत गये हो कहकर उन्हें दिये हुए दोगुना पैसा वापस किया। आगे चलकर अजीज खान, आदिल खान, सद्दाम हुसैन उर्फ मोनू व उसके भाई ने अरूण से कहा कि तुम ऑनइन एप में पैसा लगाकर खेलोगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा और बार-बार ऑनलाइन क्रिकेट मैच में पैसा लगाने के लिए कहनेलगे। जिस पर उसका आरोपियों के बहकावे में आकर उनके बताये हुए टीम का चुनाव करता था, जिस पर वे उसके पति को पैसे भेजने बोलते थे, कुछ समय तक जीत की रकम मेरे पति के खाते में दिये, बाद में तुम हार गये हो कहकर पैसा रख लेते थे। उक्त व्यक्तियों के द्वारा मेरे पति को जीतोगे कहकर बार-बार उन्हें प्रलोभित करते रहे और ऑनलाईन किकेट एप में सट्टा खिला रहे। प्रार्थिया के पति ने उनको रकम देने के लिए फोन पे बिसनेस लोन, क्रेडिट कार्ड (एचडीएफसी बैंक) व पर्सनल लोन के माध्यम से करीबन 8, 70, 000/-रू० लोन भी लिया था, जिसे आरोपियों को उसने दिया। उसके पति ने 09/07/2024 से 19/08/2025 तक करीबन 15 लाख रूपये नगदी एवं फोन पे के माध्यम से आदिल खान व सददाम हुसैन उर्फ मोनू को उनके फोन पे नंबर के माध्यम से क्रिकेट एप में पैसा लगाने दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 7 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




## खबर संक्षेप

### कांग्रेसजनों ने जनक राम का किया स्वागत

**सरायपाली।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव का सरायपाली आगमन पर रायगढ़ प्रवास के दौरान कुछ देर के लिए नरेंद्र कुमार यादव के निवास में रुके वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने स्वागत किया इस अवसर पर नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, मोहनलाल भोई जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस महासमुंद कुलदीप ध्रुव प्रदेश महासचिव आदिवासी कांग्रेस, परशु चौहान वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, राजेंद्र कुमार यादव राजू जिला महामंत्री कांग्रेस पिछला वर्ग विभाग, नवीन देवदास वरिष्ठ कार्यकर्ता, मयंक यादव मोंटी शहर उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा, तुषार यादव सचिव युवा कांग्रेस विधानसभा पी.डी, भोई वरिष्ठ अधिवक्ता, संतोष मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता, ललित बारमते, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, सत्यजीत सिदार, चैतन्य सिदार, राजकुमार नेताम पूर्व पार्षद, हर्षु सिदार कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### कुरना विद्यालय के बच्चों को कराया नेवता भोजन

**कांकेर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम कुरना में सामाजिक सहभागिता और सौहार्द्र का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। ग्राम के ओंकार साहू ने गृह प्रवेश समारोह के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुरना के बच्चों को स्नेहपूर्वक नेवता भोजन करवाकर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। इसी क्रम में भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर महानदी वाले बाबा द्वारा विद्यालय के बच्चों को फल वितरण किया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। दोनों ही कार्यक्रम सौहार्द्र, सेवा भाव और सामाजिक एकता के प्रतीक रहे।

### रासेयो से सेवा भाव की प्रेरणा मिलती है : सावित्री

**भानुप्रतापपुर।** शाउमावि भानबेड़ा द्वारा ग्राम भोड़िया में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सम्मिलित होकर शिविरार्थी बच्चों एवं ग्रामवासियों को संबोधित की। विधायक सावित्री ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में सेवा भाव को जागृत करता है। इस अवसर पर सरपंच मधु तेता, जनपद सुनाराम तेता अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्मला, राजकुमार दर्रो, गणेश सोनी, ग्राम पटेल विजय दर्रो, सुन्दर कांगे, महेन्द्र सिन्हा, समरेश शोरी, जयराम तेता, बिरबल दर्रो, आदि उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### प्रदेशाध्यक्ष ने...

कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आगामी चुनावी माहौल को ध्यान में रखते हुए संगठन को अधिक सक्रिय, संगठित और जनसंपर्कमूलक कार्यों पर जोर देने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव तथा वार्ड-वार्ड जाकर आम जनता की समस्याओं को सुनें, कांग्रेस की नीतियों को घर–घर पहुंचाएं और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

### आज आएंगे...

पश्चात तकरीबन 4.30 बजे जिले के पत्रकार साथियों से रु-ब-रु होंगे। मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली, छुईपाली, बसना, भंवरपुर, पिथौरा एवं सांकरा क्षेत्र के कांग्रेसजन बागबाहरा रैली के साथ छिलपावन चौक झलप में शामिल होंगे। वहीं नदी मोड़(घोड़ारी), महासमुंद के पास सरायपाली, बसना, खल्लारी एवं महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेसजन रैली में सम्मिलित होकर नगर भ्रमण करते हुए कांगेस भवन प्रवेश करेंगे। रैली और सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं अन्य सभी प्रकोष्ठ के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

धान फसल में लगी आग...



पिथौरा (ग्रामीण)। किसानों की मेहनत पर आग ने फेरा पानी, साढ़े तीन एकड़ धान की फसल जली।

# साढ़े तीन एकड़ धान की फसल जली किसानों को हुआ भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

समीपस्थ जंघोरा मार्ग से लगे ग्राम परसापाली में रविवार दोपहर अचानक धान की खड़ी फसल में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह आग आसपास के खेतों में पराली जलाने से फैली, जिसने देखते ही देखते करीब साढ़े तीन एकड़ में लगी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परसापाली के किसान गिरवर ध्रुव के लगभग 1 एकड़, नारद ध्रुव के 50 डिसमिल, लक्ष्मी बाई के 50 डिसमिल, महेंद्र पटेल के 50 डिसमिल, लाल सिंह के 50 डिसमिल, गौतम ध्रुव के 40 डिसमिल, सतीश कुमार के 30 डिसमिल और सीताराम ध्रुव के 30 डिसमिल खेतों में लगी धान की फसल आग की लपटों में जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा संयुक्त प्रयासों से आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ी हानि



टल गई, हालांकि कई किसानों की मेहनत की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। किसानों के द्वारा प्रशासन से नुकसान का आकलन किए जाने की मांग की जा रही है।

# डिगेपुर-बरेकेल खुर्द मार्ग की पुलिया धंसी, बढ़ी परेशानी





हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

समीपस्थ ग्राम स्थित डिगेपुर से बरेकेल खुर्द मार्ग पर बनी पुलिया विगत दिनों अचानक धंसकर टूट गई, जिसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी अनुसार गिट्टी से भरा एक डम्पर वाहन पुलिया से गुजर रहा था, तभी पुलिया का कमजोर हिस्सा भारी वजन के दबाव में आकर अचानक धंस गया।

हादसा इतना गंभीर था कि डंपर वाहन का अगला हिस्सा पुलिया के अंदर फँस गया और वाहन वहीं पर जाम होकर रह गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी और इसकी मरम्मत की आवश्यकता बार-बार बताई गई थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण समय पर सुधार कार्य नहीं हो सका। अब पुलिया के टूट जाने से स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, किसानों और दैनिक आवागमन करने वाले सैकड़ों लोगों को पुलिया के किनारे से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र ही इस पुलिया की मरम्मत कराकर मार्ग को सुचारु रूप से चालू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को हो रही परेशानियों से जल्द राहत मिल सके।

### डॉ.भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**सरायपाली।** वार्ड क्रमांक एक डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता कुशल कानूनविद समाज सुधारण कुशल राजनीतिज्ञ के लेखक समानता का अधिकार न्याय सबको सहज उपलब्ध कराने तथा संविधान को जीवंत रखने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय बौद्ध महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष तथा डॉ. खूबचंद बघेल अवार्ड से सम्मानित रणवीर मेश्राम द्वारा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

# अंकोरी के प्राचार्य पदोन्नति पर न्योता भोज कार्यक्रम

## यज्ञराम सिदार के सम्मान में अंकोरी में सौहार्दपूर्ण आयोजन, जनपद सभापति सिन्हा ने दी प्रेरक बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंकोरी में शनिवार को एक स्नेहिल, सम्मानजनक और भावनात्मक माहौल में प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए यज्ञराम सिदार के सम्मान में भव्य स्वागत एवं न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिवार और शाला प्रबंधन समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, समिति सदस्य एवं आमंत्रितजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में सभी उपस्थितजनों द्वारा यज्ञराम सिदार को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करने से हुई। वक्ताओं ने कहा कि उनका प्राचार्य पद पर पहुंचना न केवल विद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह उनके लंबे समय से किए जा रहे परिश्रम, कार्यनिष्ठा और छात्रों के प्रति समर्पित भाव का परिणाम है। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और भी सुदृढ़, अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण बनेगा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष विनोद शंकर विशाल, व्याख्याता संतलाल डड़सेना, लालता प्रसाद डड़सेना, उमाशंकर भोई, मधुमंगल बारीक, नीलिमा साहू, हीराधर राणा, जगतारण जांगड़े, जयंत वर्मा, आशीष त्रिपाठी, प्रधान पाठक अंबिका सिंह, दयानंद नंद, रविंद्र कुमार मांझी, चंद्रहास बांक, मंगनलाल नायक, संकुल समन्वयक आरिफ बेग, बिहारी डड़सेना, मकरध्वज सृजाल, आकाश डड़सेना, ढाबा बाई सहित सभी शिक्षक–कर्मचारी उपस्थित रहे। विभिन्न वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में सिदार के विनम्र स्वभाव, निर्णय क्षमता, शैक्षणिक नेतृत्व और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। पूरे कार्यक्रम में सहयोग, सौहार्द और खुशी का वातावरण देखने को मिला। अंत में सभी आमंत्रित अतिथियों को स्वादिष्ट न्योता भोज परोसा गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पदोन्नति के इस महत्वपूर्ण अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा ने भी यज्ञराम सिदार को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि सिदार का प्राचार्य पद पर पदोन्नत होना समूचे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है तथा उनके नेतृत्व से विद्यालय के शैक्षणिक परिणामों एवं व्यवस्थाओं में और अधिक गुणवत्ता तथा सुदृढ़ता आएगी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक में नये सदस्य लक्ष्मी चंद देवांगन का अंग वस्त्र, श्रीफल, पुस्पहार एवं सदस्यता सम्मान पत्र से स्वागत किया गया। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के 200 की सहयोग राशि प्रत्येक सदस्य से जमा करने का अनुरोध किया गया। जिसके लिए पूर्व में आयोजन समिति का गठन किया गया जा चुका है। संयोजक बंशीलाल चंद्राकर, सहसंयोजक डॉ. राम कुमार चंद्राकर एवं कोष प्रभारी बलराम ध्रुव द्वारा प्रति माह प्रति सदस्य 200 रुपए राशि संग्रहण की जानकारी दी गई। 17 दिसंबर में बलौदा बाजार में होने वाले प्रांतीय पेंशनर दिवस में जाने के संबंध में चर्चा हुई। उद्बोधन के कड़ी में बोधराम साहू, रामलाल साहू,अपने विचार व्यक्त किया गया। कुंती देवांगन, शंकर लाल अग्रवाल, डीआर सोरी, हरक राम चंद्राकार, पुनीत राम चंद्राकर द्वारा मधुर भजन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवर्ष माह नवंबर में जीवन प्रमाण पत्र भरने के संबंध में जानकारी दी गई। सदस्यों ने जीवन प्रमाण पत्र जमा करने संबंधी जानकारी दी। डा अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष द्वारा विगत माह संगठन द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से बताया। संरक्षक केआर चंद्राकर द्वारा उपस्थित सदस्यों की प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, के आर चंद्राकर, बीआर लाल, मनराखन लाल ध्रुव, बीआर ध्रुव, डीआर सोरी, सतीशकुमार पांडेय, आरके वर्मा, पुनीत राम चंद्राकर, शंकर लाल अग्रवाल, दाऊराम कुरुवंशी, शोभा राम कुंजेकर, बसंत कुमार चंद्राकर, रघुनाथ सिन्हा, दूषणलाल साहू, सुग्रीव प्रसाद तिवारी, मन्नू लाल साहू, बोध राम साहू, चिंतामणि चंद्राकर, सालिक राम चंद्राकर, महेश कुमार शर्मा, केके चंद्राकर, अरुण कुमार बँसोर, कांतिलाल यादव, बंसीलाल चंद्राकर, रामनारायण चंद्राकर, छविराम दीवान, राजेंद्र कश्यप, गजानंद चंद्राकर, सनत कुमार यादव, भाव सिंह नेताम, एमपी साहू, श्याम रतन देवांगन, बसंत लाल साहू, रामलाल साहू, पीसी पुरोहित, कुंती देवांगन, हरक राम चंद्राकार, राजेंद्र कुमार वैष्णव, घनश्याम ध्रुव, धनेश्वर कुमार सिन्हा, पीके देवांगन, नरेंद्र महोबिया, भानु प्रसाद सूर्यवंशी दाऊ लाल अग्रवाल, कुंवर सिंह देवांगन, लेख राम साहू, रामकुमार चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप का हुआ आयोजन

**सरायपाली।** अग्रवाल सभा व अग्रवाल नवयुवक संघ एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला परिसर में एक नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में किशोरी नर्सिंग होम, बरगढ़ की प्रतिष्ठित चिकित्सक टीम शामिल रही। इसमें डॉ. निशांत देवता मेडिसिन स्पेशलीट, डॉ. अश्विनी भोई हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक), डॉ. श्रेष्ठा गोयल स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजी), डॉ. युधिष्ठिर बढ़का स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशीष पांडा - दंत विशेषज्ञ (डेंटल) संपूर्ण मेडिकल स्टाफ के साथ उन्होंने



विविध प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में ब्लड टेस्ट, शुगर, बीपी, ईसीजी, गायनिक परामर्श तथा सभी आवश्यक पैथोलॉजी जांच पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में ब्लड टेस्ट, शुगर, बीपी, ईसीजी, गायनिक परामर्श तथा सभी आवश्यक पैथोलॉजी जांचें पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस कैंप में नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए 300 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कर परामर्श व उपचार का लाभ लिया। सभी 300 मरीजों को दवाइयां भी नि:शुल्क प्रदान की गईं। इस आयोजन में किशोरी नर्सिंग होम के सीनियर मार्केटिंग हेड हिमांशु बेहरा ने विशेष समन्वय एवं प्रबंधन भूमिका निभाई, जिसके लिए समाज ने आभार व्यक्त किया। अग्रवाल सभा, नवयुवक संघ और महिला मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ पूरा प्रबंधन संभाला। जिसमें मरीजों के मार्गदर्शन, पंजीयन, चाय-नाश्ता, पानी व्यवस्था तथा डॉक्टर टीम को सहयोग प्रदान करना शामिल रहा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर समाजहित के लिए अग्रवाल समाज की निरंतर सेवा भावना का प्रतीक है। आगे भी स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम इसी उत्साह से आयोजित किए जाते रहेंगे। अग्रवाल समाज ने किशोरी नर्सिंग होम के प्रति उनके सामाजिक सरोकार, संवेदनशीलता और सेवा भावना के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# किसानों की समस्याओं को मनबोध ने सामने लाया : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- अगर किसान को कुछ हुआ तो सरकार इसे अपने जाने का शंखनाद माने

कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि प्रदेश सरकार लगातार आमजन को परेशान करने में जुटी है। किसान खेती-किसानी छोड़ दर-दर की ठोकरें खाने मजबूर हैं। अंकित ने बताया कि भाजपा सरकार चाहती है कि किसान का धान ना खरीदना पड़े। प्रदेश में सवा लाख किसान और 11 लाख एकड़ का पंजीयन घटा है। खरीदी तारीख शनिवार रविवार से तय हुई। खरीदी आठ दिन बाद 23 से शुरू हुई,



टोकन में दिक्कत, रकबा में दिक्कत, खसरा में दिक्कत, वनभूमि वालों को दिक्कत, गिरदावरी के अनुसार दिक्कत, अब जगह को लेकर दिक्कत, मॉइस्चर में दिक्कत तो किसान आखिर क्या करे?

अंकित ने सवाल किया कि किसान को अपने रकबे में कटौती या गिरदावरी में कमी, खसरे में कटौती की जानकारी तब होती है जब वो टोकन कटवाने जाता है और तब तक देर हो जाती है और त्रुटि सुधार का समय नहीं रहता, असल में तो त्रुटि सुधार धान खरीदी की अंतिम तिथि तक चले। किसान द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने के मामले में अंकित ने बताया कि वे तत्काल पीड़ति परिवार से मिलने रायपुर मेकाहारा पहुंचे और किसान का भी हाल चाल जाना और परिवार को ढांढस बंधाया, उनकी पत्नी, बेटी और छोटे बेटे शंकर से भी मिले, चिकित्सकों से बात कर तत्काल उसे नाक-कान-गला वार्ड में शिफ्ट करने चर्चा की। अंकित ने कहा है कि किसान को कुछ भी होता है तो इसका जिम्मेदार सत्ता पक्ष होगा। सरकार को चाहिए कि किसानों को तंग करना बंद करे।

## विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

# आदिवासी संग्रहालय, साइंस सेंटर और चंपारण में बढ़ाया ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल मगरलोड के विद्यार्थियों ने हेडमास्टर किरण प्रसन्नो के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया।




भ्रमण की शुरुआत आदिवासी संग्रहालय से हुई, जहां बच्चों ने जनजातीय कला, संस्कृति, वेशभूषा एवं पारंपरिक जीवनशैली को समझा। संग्रहालय के विविध प्रदर्शन बच्चों के लिए अत्यंत रोचक रहे। विद्यार्थी साइंस सेंटर में वैज्ञानिक मॉडल, अंतरिक्ष गैलरी, रोबोटिक्स एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों को करीब से देखा। यहां बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और उत्साह बढ़ा। भ्रमण का अंतिम पड़ाव चंपारण रहा। यहां विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहरों और शांत प्राकृतिक वातावरण का अनुभव किया। चंपारण में बच्चों ने भगवान श्रीराम के मंदिर तथा वहां स्थापित विभिन्न देवी–देवताओं के दर्शन भी किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान, सांस्कृतिक समझ और अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देते हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। भ्रमण कार्य में सुनीता गुप्ता, अंबिका साहू, लीला साहू, रीना साहू, यामिनी सिन्हा, भीष्मा साहू, सोनिया साहू, ओंकार विश्वकर्मा, केशन निषाद, पुरेन्द्र यादव, टोमेश शामिल रहे।

# ओवरब्रिज के नीचे से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमणकर्ताओं पर बरती जा रही सख्ती के क्रम में शनिवार को शहर के ओवर ब्रिज के नीचे किए गए अतिक्रमण की सूचना पर स्वयं स्थल पर पहुंचे और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 14 के नागरिकों ने एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत की थी। निर्देश के बाद पालिका कर्मचारियों ने जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जे के लिए किए गए तार घेरा, कॉलम आदि को ध्वस्त किया।

# किसान परिवार को 20 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा धान उपार्जन केंद्र में शनिवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक किसान ने टोकन नहीं मिलने से हताश होकर ब्लेड से गला रेत लिया। गंभीर रूप से घायल किसान मनबोध गांडा (ग्राम बोड़रीदादर-सेनभांठा) पिछले तीन दिनों से टोकन कटवाने के लिए समिति और चॉइस सेंटर के चक्कर लगा रहा था। आज भी टोकन नहीं कटा तो उसने केंद्र परिसर में ही आत्महत्या की कोशिश कर ली।

लहूलुहान हालत में उसे 112 डायल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महासमुंद मेडिकल कॉलेज और फिर रायपुर रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों ने उसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई है। घटना की सूचना मिलते ही महासमुंद जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू तत्काल घटना की जानकारी ली और मामले पर केंद्रीय पदाधिकारियों को मामले से अवगत कराया है। साहू ने विष्णुदेव साय सरकार पर तीखा हमला करते हुए भारतीय जनता पार्टी को किसान विरोधी सरकार बताया है। साहू ने मीडिया को जारी बयान में कह कि दो साल पहले भाजपा ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था कि 'धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए क्विंटल करेंगे, टोकन सिस्टम खत्म करेंगे, सर्वर की समस्या हमेशा के लिए समाप्त करेंगे'। दिसंबर माह में भी किसान टोकन के लिए जान दे रहा है। सर्वर लटका हुआ है, चॉइस सेंटर पर दलालों का कब्जा है, समिति प्रबंधक मनमानी कर रहे हैं और अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। किसान मनबोध गांडा तीन दिन से भटक रहा था, आज हताश होकर उसने गला रेत लिया। यह भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों का जीता-जागता सबूत है। केंद्र में मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय की डबल इंजन सरकार ने किसानों को सिर्फ धोखा दिया है।



किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने मांग की है कि घायल किसान मनबोध का समस्त इलाज राज्य सरकार वहन करे और परिवार को तत्काल 20 लाख रुपए की सहायता दी जाए। टोकन प्रणाली को तुरंत समाप्त कर बिना टोकन धान खरीदी शुरू की जाए।

लापरवाही बरतने वाले समिति प्रबंधक, चॉइस सेंटर संचालक व संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हो। मांगें पूरी नहीं हुई तो जिला किसान कांग्रेस किसानों की समस्या को लेकर आंदोलन करने बाध्य होगी।

## अत्याचारी बाबर की स्मृति में मस्जिद निर्माण देश के लिए घातक : चोपड़ा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबर की स्मृति में मस्जिद बनाए जाने की खबर पर कड़ा विरोध व्यक्त किया है। विज्ञप्ति जारी करते हुए डॉ. चोपड़ा ने कहा कि बाबर इस देश में एक आक्रमणकारी था, जिसने यहां के लोगों पर अत्याचार किए थे। इस प्रकार अत्याचारियों के नाम से कोई भी स्मृति बनाना गलत और अस्वीकार्य है। डॉ. चोपड़ा ने इस गतिविधि की तुलना करते हुए कहा कि यदि कल के दिन जनरल डायर, जो जलियांवाला बाग नरसंहार का दोषी था, जिस समाज का है, उस समाज के लोग उसके नाम से कुछ करने लगे और उसकी मूर्तियां लगाने लगे, तो यह देश के लिए एक प्रकार से घातक होगा। डॉ चोपड़ा ने पश्चिम बंगाल प्रशासन से इस निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट को भी इस पर संज्ञान लेते हुए, इस प्रकार से हिंदुओं की भावनाओं को आघात करने वाला कार्य पश्चिम बंगाल में किया जा रहा है, उस पर रोक लगाकर ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए, जो आक्रमणकर्ता और अत्याचारियों को महापुरुष बताने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने स्पष्ट किया कि यह गतिविधि किसी भी प्रकार से देश हित में नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि देश की एकता और सम्मान के विरुद्ध हो रहे इस तरह के कृत्यों को तुरंत रोका जाए।









**खबर संक्षेप**



## निर्माण कार्य का निरीक्षण

**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत राटापाली में प्रधानमंत्री आवास हितग्राही ने मकान निर्माण कार्य की शुरूआत हो गई है। यह निर्माण कार्य का निरीक्षण करने सरपंच पूर्णिमा सोनवानी और पंचायत सचिव घनश्याम दीवान पहुंचे थे। प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका मुख्य उदेश्य सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करना।

## क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड

**नर्रा।** क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लोग ठंड से बचने गर्म कपड़ों में स्वेटर, जैकेट, टोपी, शाल के अलावा पैर में मोजा और हाथ के लिए ग्लब्स दस्ताने आदि का उपयोग कर रहे है। ठंड के कारण शाम होते ही चौक-चौराहे व घरों पर लोग लकड़ी जलाकर अलाव तापते नजर आ रहे है। वहीं साढ़े सात आठ बजे ही सड़के व गली मोहल्ले वीरान सी हो जाती है।

## खट्टा में हरिहर सिंह ध्रुव की पुण्यतिथि आज



**पटेवा।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सा एवं समाजवादी नेता गरीबों के मसीहा डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव की 56वीं पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खट्टा में 8 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस विशाल आम सभा में आसपास क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर सिंहा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष हेतराम साहू होंगे। विशेष अतिथि विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, पूर्व विधायक विनोद सेवन चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राजकमल पटेल और अति विशिष्ट तिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान होगी। कार्यक्रम की तैयारी में पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया बसंत दीवान, प्रदीप ध्रुव, वीरेंद्र दीवान, विजय मंदसौर, ललित दीवान, रामगोपाल चौहान, घनश्याम दीवान, प्रेम सिंह दीवान, हेमचंद नायक, महेंद्र पटेल, रामचरण दीवान, राम भजन नायक, सुनील दीवान आदि जुटे हुए हैं।

### आयोजन : अर्जुनी में हुआ करिया धुरवा मेला महोत्सव

# हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



समीपस्थ ग्राम अर्जुनी में तीन दिवसीय करिया धुरवा मेला महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान करिया धुरवा व माता करिया धुरवाईन का आशीर्वाद लेने पहुंचे। मेला महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या किरण शर्मा नाइट विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, अध्यक्षता कर रही जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे एवं विशिष्ट अतिथियों मेला समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, सरपंच सुमित्रा मुकेश पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल एवं विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र पांडे द्वारा भगवान करिया धुरवा की पूजा-अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि करिया धुरवा मेला महोत्सव केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का उज्ज्वल प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में आयोजित ऐसे धार्मिक मेलों से समाज में आपसी विश्वास और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि भगवान करिया धुरवा की महिमा अपार है और उनकी कृपा से ही क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। यही कारण है कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से यहां पहुंचकर अपनी मन्नतें मांगते हैं और देवी-देवताओं का आशिर्वाद प्राप्त करते हैं। जनपद अध्यक्ष उषा घृतलहरे ने इसे स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक पहचान से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण बताया। जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि मेले समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। वहीं भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि भगवान करिया धुरवा की कृपा से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इसी आस्था के कारण प्रदेशभर से लोग यहां पहुंचते हैं। मेला समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम का संचालन सादराम पटेल ने किया।

कार्यक्रम में अनंत सिंह वर्मा, प्रदीप पटेल, डालेश्वर पटेल, गणेशराम ध्रुव, भैयाराम पटेल, मुकेश पटेल, सुमित्रा पटेल, देवनारायण पटेल, राघवेंद्र ठाकुर, भागीरथी ध्रुव, जयराम वर्मा, विष्णु डड़सेना, पुनऊ ठाकुर, गंगाधर पटेल, पूरन सिंह बरिहा, उमाशंकर पटेल, गया राम धीवर, प्रीतम साहू, रेशम निर्मलकर, जनकराम पटेल, नंदलाल ध्रुव, रूपसिंह ध्रुव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बिजली बिल हाफ मामले में सरकार जनता को ठग रही

**महासमुंद।** बिजली बिल हाफ मामलें में सरकार जनता को ठग रही है। महासमुंद कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक बिजली के दाम आधा किया था। कितनी भी खपत हो जनता को 400 यूनिट तक बिजली के दाम में छूट मिलती थी। भाजपा सरकार योजना को बंद कर दिया। विरोध के बाद भाजपा सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली के दाम में छूट मिलेगी वो भी खपत 400 से कम होगी। 400 यूनिट से ज्यादा खपत पूरा बिल लगेगा। यह जनता की कमाई की लूट है। सरकार छूट भी आधा अधूरा दे रही है।



डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि मात्र 200 यूनिट तक, बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ केवल 1 ही वर्ष के लिए किया गया है। कांग्रेस की सरकार ने जब हॉफ योजना लागू की थी, तब ऐसी कोई शर्त नहीं थी। भाजपा सरकार का दावा है कि इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। जबकि प्रदेश में कुल घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से ज्यादा है। सरकार की मुनाफाखोरी की भूख और आर्थिक नाकामी के चलते महंगी बिजली बिल जनसमस्या बन चुकी है, हर वर्ग इससे परेशान है।

डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि भाजपा सरकार के पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर आम विद्युत उपभोक्ताओं को भरोसा नहीं है, पहले जो उपभोक्ता सरकार के झांसे में आकर सोलर सिस्टम लगवाएं हैं, उनके घर में भारी भरकम बिजली बिल आ रही है। बढ़े हुए बिजली बिल के कारण पूरे प्रदेश में आक्रोश और निराशा है उसके बाद भी यह सरकार बिजली के दामों में लूट जारी रखे हुए हैं। सोलर सिस्टम लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं के घर में बिजली बिल आ रही है। सोलर सिस्टम लगाने वाले उपभोक्ता कलेक्टर जनदर्शन पहुंच कर अपनी पीड़ा को बता रहे हैं।

# पौंसरा की सरपंच ने रातभर में ठीक करवाई फूटी पाइपलाइन, ग्रामीणों ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



ग्राम पंचायत पौंसरा में सरपंच की तत्परता और जनसेवा भावना एक बार फिर देखने को मिली, जब मंगलवार शाम लगभग 7 बजे मुख्य गली में पानी की पाइपलाइन अचानक फट गई। पाइपलाइन फटने से गली में भारी मात्रा में पानी फैलने लगा तथा सुबह की जलापूर्ति बाधित होने की आशंका उत्पन्न हो गई।

स्थिति की जानकारी मिलते ही सरपंच स्वयं मौके पर पहुंचीं और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्य में जुटने के निर्देश दिए। देर रात तक जारी मरम्मत कार्य में सरपंच पूरे समय मौजूद रहीं और आवश्यक सामग्री, उपकरण तथा श्रमिकों की व्यवस्था सुनिश्चित कराती रहीं। कर्मियों के अथक प्रयास और सरपंच की निगरानी में पाइपलाइन की मरम्मत देर रात पूरी कर ली गई। स्थानीय ग्रामीणों ने सरपंच के इस त्वरित निर्णय और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह रात में उपस्थित होकर समस्या का समाधान कराना वास्तव में प्रशंसनीय है। उनके अनुसार, यदि पाइपलाइन की मरम्मत रात में न होती, तो सुबह पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता। ग्रामवासियों ने बताया कि सरपंच के नेतृत्व में पंचायत में जनसेवा से जुड़े कार्यों में तेजी आई है, और नई पंचायत टीम लगातार क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में जुटी हुई है। पाइपलाइन की रातोंरात मरम्मत करवाना इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच के प्रयास से सुबह सभी घरों में समय पर जलापूर्ति सुचारू रूप से हो सकी, जिससे सभी को बड़ी राहत मिली। पंचायत के इस संवेदनशील और त्वरित कदम की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

## 35 डिसमिल जमीन को क्या डायवर्टेड मान लें : अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि अपनी नाकामियों को छुपाने और विकास ना कर पाने, अपने किए गए वादों को पूरा कर पाने में असफल डबल इंजन की भाजपा सरकार और वित्त मंत्री ओपी चौधरी लगातार आम जन को परेशान किया जा रहा है और अदूरदर्शी, अलोकतांत्रिक और आम जन के अहित में लगातार फैसले लिए जा रहे हैं। पहले बिजली बिल मूल्य वृद्धि, स्वामी आत्मानंद की दुर्दशा और अब जमीन की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने पूरे प्रदेश के हर वर्ग को हिला दिया है। अंकित ने बताया कि अपनी गलती और हड़बड़ी को सहीं साबित करने लगातार आम जन से झूठ बोला जा रहा है, कि इससे किसानों को लाभ होगा। पर सच्चाई ये है कि सरकार द्वारा सिंचित जमीन पर केसीसी की लिमिट फिक्स है और उससे ऊपर राष्ट्रीय बैंक के द्वारा गिरवी रख कर लोन दिया जाता है, जिस पर कम से कम 13 प्रतिशत का ब्याज लगता है। तो क्या भाजपा सरकार की मंशा किसानों को वापस कर्जदार बनाने की है। इनके भाजपा के



सांसद ने खुद इसको गलत बताया है और तत्काल रद्द करने की मांग की है। अंकित ने बताया कि इन बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों के कारण अब हर नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों के संपत्ति करों में बेहिसाब वृद्धि होने वाली है। ठीक इसी प्रकार शहरी क्षेत्र की 35 डिसमिल जमीन को फुट में रजिस्ट्री करवाने मजबूर किया जा रहा है। जिससे शहरी क्षेत्र की कृषि भूमि की पंजीयन शुल्क और पंजीयन राशि मे बेतहाशा वृद्धि हो जाती है तो क्या उस 35 डिसमिल जमीन को डायवर्टेड मान लिया जाएगा।

## दैवेभो वन कर्मचारी संघ की हुई बैठक



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम बढाईपाली के ऊरी डोंगरी में छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक आहूत की गई। जिसमें दैनिक वेतन भोगी के विभिन्न समस्याओं को सुना गया एवं नियमितीकरण के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की गई हैर। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामकुमार अगसे, महामंत्री नरेंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष पूनम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा लक्ष्मी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा हेम सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद मनीराम खूंटे, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर, ब्लॉक अध्यक्ष बसना अलेख प्रधान आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खरीदी केंद्र नर्रा में कड़कड़ाती ठंड में टोकन कटाने किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

धान खरीदी के लिए सुबह 8 बजे जैसे ही टोकन तुंहर हाथ ऐप जारी होते ही ऐप कई बार समय पर खुलता ही नहीं। इंटरनेट सर्वर डाउन के वजह से किसानों को परेशानी हो रही है।

कही ले देकर ऐप तो खुल गई लेकिन पूरे दिन के लिए लिमिट खत्म हो जाती है। इधर, ऑफलाइन टोकन के लिए रविवार को नर्रा समिति के बाहर अलसुबह साढ़े पांच छः के बीच कड़कड़ाती ठंड मे टोकन कटाने आए किसानों की भीड़ लगी रही है। वहीं सोसायटी के बाहर खड़े किसान पराली, चरोटा लकड़ी को जलाकर अलाव का सहारा लेकर वहां के कर्मचारी के आने का इंतजार कर रहे थे। किसानों का कहना है कि शासन-प्रशासन कह रहा है कि किसानों को खरीदी केंद्र में धान बेचने में किसी प्रकार का परेशानी न नहीं हो रही है, लेकिन, किसानों को समय पर ऑनलाइन न तो ऑफलाइन टोकन नहीं मिल पा रहा है।



## सेजेस तुमगांव में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सेजेस तुमगांव में स्वागत-सह-विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें नवागत प्राचार्य देवेंद्र अगलावे का संस्था में स्वागत किया गया वहीं लंबे समय से शाला में सेवारत राजकुमारी श्रेय को सहायक ग्रेड-3 पर पदोन्नति मिलने के पर विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य एल कुरिल ने की। उन्होंने नए प्राचार्य देवेंद्र अगलावे को शॉल-श्रीफल एवं पुष्प-गुच्छ भेंट किया और कहा कि अगलावे अनुभवी एवं ऊर्जावान अधिकारी हैं। विश्वास जताया कि तुमगांव परिवार के सहयोग से वे इस संस्था को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। नवागत प्राचार्य देवेंद्र अगलावे ने कहा कि लंकेश कुरिल जैसे कुशल मार्गदर्शक के बाद यह दायित्व संभालना बड़ी चुनौती है। राजकुमारी श्रेय ने कहा कि आप सबने मुझे बहुत इज्जत और प्यार दिया, अब जा रही हूं, पर दिल यहीं रहेगा। कार्यक्रम में आईएल साहू, केआर साहू, सत्यदेव गेंद्रे, अश्विनी धीवर, रेवती रमन तारक, तिलक शर्मा, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरें, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, एलएन साहू, लोकेश साहू, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, सोनाली साहू, मोनिका यादव, नलिनी ध्रुव, रेणुका साहू एवं प्रियंका बारिहा, सुषमा गिलहरे आदि मौजूद रहे।

